दुनिया का बन कर देख चूका गुरुदेव का बन कर देख जरा

दुनिया का बन कर देख चूका, गुरुदेव का बन कर देख जरा
इस राह में कितनी खुशियां है, यह राह भी चल कर देख जरा

दुनिया के प्यार में फस करके कई जनम यूँ ही बर्बाद किए
अब शरण में सतगुर की आ करके, तू नाम सुमिर कर देख जरा

प्रभु नाम में कितनी मस्ती है यह पूछो प्रेम दीवानो से
प्रभु नाम का प्याला ए प्राणी इक बार तो पी कर देख जरा

प्रभु भक्ति की राह जो चलते हैं वो जग में अमर हो जाते हैं
है प्यार हकीकी सतगुरु का मोह नींद से उठ कर देख जरा

गुरु चरण कमल से प्रीती कर, पायेगा दास तू सुख साँचा
सतगुरु की आज्ञा मौज में चल मन मति को छोड़ कर देख जरा

स्वर : स्वामी भुवनेश्वरी देवी जी महाराज

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1633/title/duniya-ka-ban-kar-dekh-chuka-gurudev-ka-ban-ke-dekh-jara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |